आज का सुविचार
मनुष्य को अपने लक्ष्य में कामयाब होने के लिए खुद पर विश्वास होना बहुत ज़रूरी है।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है।
संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 32 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 13 सितम्बर 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## इलैक्ट्रानिक साधन एवं इलेक्ट्रॉनिक सूचना से संबंधित दो नई धाराएँ जानिए/BNSS....

भारत में तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ,2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 01 जुलाई 2024 से पूरे भारत में लागू कर दिया जाएगा, कानूनी जानकार से लेकर पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग सभी को नए कानून समझने में थोड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि उक्त संपूर्ण कानून की धाराओं में कुछ बदलाव हुए हैं इसलिए ऐसे में तीनों कानूनों को एवं उनकी संपूर्ण धाराओं को समझना अति-आवश्यक है। आज हम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में दो नई धारा जोड़ी गई है जिसका जानना अति-आवश्यक है क्योंकि वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक साधनों का हर व्यक्ति उपयोग कर रहे हैं इसलिए कानून में इन धाराओं को जोड़ना जरूरी था।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

**1. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 2(1) (क) की परिभाषा**

श्रव्य-दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधन के अंतर्गत मान्य होगा- कोई भी ऑनलाइन वीडियो मीटिंग, या ऑनलाइन लिखा हुआ, या कोई तलाशी लेना या कोई वस्तु को ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक साधन द्वारा प्राप्त करना , भेजना, सूचना प्रेषित करना आता है जैसा राज्य सरकार नियमों द्वारा उपबंधित करे।

साधारण शब्दों मे कहे तो मोबाइल फोन, लैपटॉप, कम्प्यूटर में ईमेल, Gmail, what-saap, या अन्य माध्यम इलेक्ट्रॉनिक साधन के लिए उपयोगी होगे एवं राज्य सरकार आपने अनुसार साधनो के विषय मे और नियम बना सकती है जैसा वह उचित समझ।

**2. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 2(1)(झ) की परिभाषा**

इलैक्ट्रानिक संसूचना के संबंध में- इसके अंतर्गत वह साधन आएगें जिनसे ऑनलाइन सूचनाएं भेजी जा सकती है जैसे कि टेलीफोन, मोबाइल फोन, बेतार दूरसंचार, कम्प्यूटर, आडियो-वीडियो प्लेयर, कैमरा, या कोई अन्य इलैक्ट्रानिक उपयोगी प्ररुप जो केंद्र सरकार अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट शामिल करे या है जैसे कि लिखित, मौखिक, चित्र या वीडियो से अभिप्रेत है जिसे लिया जा सकता है या भेजा जा सकता है। साधारण शब्दों मे कहे तो नए कानून में किसी भी सूचना को मोबाइल फोन या अन्य उपयोगी उपकरण के माध्यम से ऑनलाइन मंगवाया जा सकता है या भेजा जा सकता है।

## AG- भारत के महान्यायवादी,, कोन होता है(Attorney Generalnl of India) ,,पढ़िये/Constitution of Body.....

भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के भाग 5 के अध्याय 01 के अनुच्छेद 76 में भारत का एक महान्यायवादी होगा और यह एक संवैधानिक पद होगा। जब भारत सरकार कोई अधिनियम या कोई नियम, उपनियम ,विधि,बनाती है तब उनको एक विधि-विशेषज्ञ की आवश्यकता होती है इसलिए वे एक महान्यायवादी की नियुक्ति करती है एवं इसी महान्यावादी को को भारत का प्रथम विधि अधिकारी एवं भारत सरकार का कानूनी सलाहकार कहाँ जाता है।

**महान्यावादी की नियुक्ति, योग्यता, त्यागपत्र ओर कार्यकाल जानिए-**

भारत के महान्यावादी की नियुक्ति राष्टपति द्वारा होती है एवं इनको अपना त्यागपत्र भी राष्टपति को देना होगा ओर इनका कार्यकाल भी राष्टपति की इच्छा के अनुसार होता है अर्थात इनका कार्यकाल की कोई निश्चित सीमा अवधि नहीं होती है।



- लेखक
रागिनी सिंह ( विधिक सलाहकार इंदौर)
8349039543

### योग्यता-

महान्यावादी के पद के लिए सर्वप्रथम भारत का नागिरिक होना आवश्यक है, इसके बाद वह उस व्यक्ति 5 वर्षों तक एक या एक से अधिक उच्च न्यायालय में न्यायधीश रहा हो, या किसी उच्च न्यायालय में कम से कम 10 वर्षा तक वकालत की हो।

### शक्तियां एवं कार्य?

-भारत का महान्यावादी संसद की भी सदन में भाग ले सकता है एवं सरकार का पक्ष रख सकता है।

-भारत का महान्यावादी भारत के किसी भी न्यायालय में सरकार की और से भाग ले सकता है।

- यह भारत सरकार का कानूनी सलाहकार होता है जब किसी भी विषय पर विधि बनाती है या कोई अधिनियम बनाता है तो सरकार को सलाह देता है एवं सरकार का पक्ष रखता है।

-भारत का महान्यावादी संसद की किसी भी समिति में भाग ले सकता है।

- साधारण शब्दों में कहे तो भारत सरकार अर्थात, राष्टपति, उपराष्टपति,प्रधानमंत्री, मंत्रिपरिषद या संसद में कोई विधि निर्माण होता है तो सरकार महान्यावादी से ही विधि जानकारी लेगे।

**नोट-** भारत का सांसद नहीं होता है इसकी संसद में वोट करने का अधिकार नहीं होता है यह अपनी सहयोग के लिए एक सलिसिटर जनरल रख सकता है अर्थात कानूनी सहायता के लिए अपना सहायक रख सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने 1011.05 करोड़ रूपये की लागत की उदवहन माइक्रो सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

### परियोजना से 151 गांवों की 32 हजार हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित, समृद्ध होंगे किसान




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीराम अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान बहोरीबंद की पावन भूमि से होकर चित्रकूट गए थे। यह श्रीराम की तपोस्थली है। इस क्षेत्र की जनता को पिछले 40 वर्षों से जिस योजना का इंतज़ार था, वह आज पूरी होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को कटनी जिले के बहोरीबंद में 1011.05 करोड़ रूपये की लागत की बहोरीबंद उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों के शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहोरीबंद परियोजना से कटनी जिले की 4 तहसीलों के 151 गांव की 32 हजार हेक्टयर ज़मीन सिंचित होगी। इससे हर खेत के लिए जल की हर बूँद का कृषक स्प्रिंकलर, ड्रिप आदि पद्धति से उपयोग कर सकेंगे। नहर बनाने के लिए ज़मीन का प्रयोग नहीं किया जाएगा सीधे ही पानी खेत के लिए उपलब्ध हो सकेगा। परियोजना से कटनी के नागरिकों को पेयजल आपूर्ति के प्रयास भी किये जाएगें। मुख्यमंत्री ने कटनी जिले में विकास के लिये 55 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया।

## हितग्राहियों को हितलाभ वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। उन्होंने श्रीमदभागवत गीता का संस्कृत से हिंदी अनुवाद करने वाली बालिका सुश्री श्रद्धांजलि शुक्ला ÷अंजन÷ को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में बहोरीबंद की जनता की ओर से रजत मुकुट भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर आजीविका मिशन के महिला समूहों, ई-गवर्नेंस, कृषि, वन, महिला बाल विकास एवं उद्योग विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। जिले के प्रभारी तथा स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जिले की जनता के कल्याण व विकास के लिए वे प्रदेश सरकार के साथ एक सेतु के रूप में कार्य कर रहें है।

## जलभराव से निपटने में प्रशासन मुस्तैद रहेः ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर



**भोपाल।** ग्वालियर जिले और आसपास के इलाकों में अति वर्षा से उत्पन्न हुई जलभराव की स्थिति पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर पूरी तरह नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव अति वर्षा से उत्पन्न हुए हालातों पर स्वयं नजर रख रहे हैं। मंत्री श्री तोमर ने बुधवार की रात्रि जिला कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम और पुलिस अधीक्षक से चर्चा की थी। मंत्री श्री तोमर के निर्देशन में जलभराव वाले इलाकों में पानी निकासी के तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। जलभराव वाले इलाकों से बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था जारी है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्वयं निरंतर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों के एक दल की तैनाती की है और जलभराव वाले इलाकों की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं।

## खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने वेयर-हाउसिंग और सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया



**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने गुरुवार को मध्यप्रदेश वेयर-हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन और मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री राजपूत ने कहा है कि दोनों कॉर्पोरेशन के कार्यों की गुणवत्ता में सुधार के लिये पूरी टीम के साथ समन्वय बनाकर बेहतर कार्य करेंगे। श्री राजपूत ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार सभी पात्र उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण राशन उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन तत्परता से करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा में खेल विभाग भी करेंगा सहभागिता

### खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री सारंग ने की विभागीय समीक्षा

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित %स्वच्छता ही सेवा 2024% में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों को समाहित कर एक कैलेंडर तैयार किया जाए। मंत्री श्री सारंग ने यह निर्देश टीटी नगर स्टेडियम में विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती स्मिता भारद्वाज घाटे और खेल संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक श्री बी. एस. यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्वच्छ



भारत मिशन अभियान को और अधिक गति देने इस वर्ष %स्वच्छता ही सेवा 2024% पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक %स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता% थीम के साथ मनाया जाएगा। प्रदेश इस अभियान को पूरी प्रतिबद्धता के साथ सफल बनाने में कार्य कर रहा है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग की सहभागिता के माध्यम से कम से कम तीन कार्यक्रम इसमें शामिल किए जाएं। अभियान अवधि के प्रत्येक दिन यूथ को-ऑर्डिनेटर के साथ मिलकर गतिविधियां संचालित की जाए। जन-प्रतिनिधियों एवं नागरिकों के सहयोग से जिला स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जायें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विभिन्न अभियानों एवं गतिविधियों के माध्यम से बड़े स्तर पर जन-जागरूकता एवं नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि खेल परिसर में स्वच्छता से लेकर पौधारोपण तक विभिन्न गतिविधियां की जाए।

# शिक्षक दिवस पर आयोजित किया गया जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

**अनूप गुप्ता**

अनूपपुर। शिक्षक जीवन पर्यन्त विद्यार्थियों के जीवन में रंग भरने का कार्य करते हैं। शिक्षक के समर्पण भाव से दी गई शिक्षा के चलते विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम परिलक्षित होते हैं। शिक्षक दिवस की महत्वता भी इसी बात पर निर्भर है कि वह बेहतर शिक्षा प्रदान कर विद्यार्थियों का भविष्य निर्माण करें। उक्ताशय के विचार कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक, सहायक संचालक शिक्षा श्री टी.आर. आर्मो, शिक्षक श्री अनिल सिंह, डॉ. नरेन्द्र पटेल, श्री संजय निगम, श्री फूल सिंह श्याम, श्री सत्यनारायण मौर्य, श्री धर्मेन्द्र शाक्यवार, श्री हेतराम साहू सहित सेवानिवृत्त शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने कहा कि अनूपपुर जिले का पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। यह शिक्षकों की मेहनत से ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा के स्तर को और आगे बढ़ाने की संभावनाएं हैं। जिस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा सतत् कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर नौनिहालों के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में समर्पित भाव से कार्य कर अपनी




निष्ठा तथा कर्तव्य भाव सतत् बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी एक दूसरे के पूरक होते हैं। शिक्षा ऐसा क्षेत्र है, जहां सीखने और सिखाने की सतत् संभावनाएं रहती हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी समाज में बड़ा मान है। इस परम्परा को वह सदैव कायम रखें तथा जीवन पर्यन्त अपने अनुभवों का लाभ समाज और विद्यार्थियों को प्रदान करने में अपनी भूमिका का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा कि शिक्षकों की प्रेरणा से ही जीवन मूल्यों की पहचान होती है। विद्यार्थी प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक के पायदान में अलग-अलग स्तर पर शिक्षा अर्जित कर अपना मुकाम स्थापित करता है जिसमें शिक्षक की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में बदलाव लाने में शिक्षकों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही है, जो बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर जीवन में बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक भी अपने जीवनकाल में लोगों को अच्छे कार्य के लिए प्रेरित करें। जिससे बेहतर समाज की परिकल्पना को मजबूती मिल सके। उन्होंने 5 सितम्बर शिक्षक दिवस में सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए सभी शिक्षकों से बेहतर कार्य कर समाज में शिक्षक की प्रतिष्ठा को कायम रखने की अपील की। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शासकीय विद्यालय भाद की प्राचार्य डॉ. अंजली सिंह ने किया। आभार प्रदर्शन सहायक संचालक शिक्षा श्री टी.आर. आर्मो ने किया। इस अवसर पर जिले के सेवानिवृत्त 47 शिक्षक-शिक्षिकाओं का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया तथा उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति मॉडल स्कूल अनूपपुर की छात्राओं द्वारा दी गई।

## वरिष्ठजनों की उपस्थिति में सामाजिक संगठन द्वारा शिक्षक दिवस पर शहर के युवाओं का सम्मान किया गया

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**





राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी सामाजिक संस्था राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो, जिला भोपाल द्वारा राष्ट्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रेम नारायण आर्य के मार्गदर्शन में एवं जिलाध्यक्ष लक्की सिंह नेगी के नेतृत्व में शिक्षक सम्मान समारोह के अंतर्गत शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के ऐसे युवा शिक्षक जो समाज में रहकर अपने दायित्वों का पालन करते हुए अपने जीवन में अन्य लोगों के जीवन को बेहतर दिशा देने के साथ उनकी भौतिक आवश्यकताओं को पुरा करके उनके जीवन में कुछ बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं और अपने प्रयासों से कई वंचित लोगों के जीवन को सफल बना चुके है,संगठन द्वारा उनका सम्मान प्रमाण पत्र और विद्या ददाती विनयम स्वरूपी घड़ी भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के जिलाध्यक्ष लकी सिंह नेगी एवम निर्दलीय समाचार पत्र के प्रधान संपादक अभिषेक अज्ञानी उपस्थित रहे।

## आपरेटर ने ही चुराई जे सी बी मशीन पुलिस ने बार्डर पार करने से पहले ही आरोपी को मशीन सहित पकड़ा

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

थाना निशातपुरा भोपाल मे शिकायतकर्ता ने थाने में रिपोर्ट किया कि उसकी जेसीबी मशीन क्रमांक एमपी 04 डीबी 2552 को रात 8 बजे वंदना डायगोनीस्ट एलेक्जर ग्रीन के पास न्यू जैल रोड के पीछे लॉंक लगाकर खडा किया सुबह जब ड्राईवर ने देखा तो मशीन अपनी जगह मौजूद नहीं थी । जेसीबी को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था शिकायतकर्ता की रिपोर्ट पर थाना निशातपुरा मे अप क्र- 792/24 धारा 303(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत पंजीबद्ध कर अनुसंधान मे लिया गया ।

पंजीयन के पश्चात पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से सडको व दुकानो मे लगे सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर कैमरे देखते हुए आगे बढते हुए भोपाल राजगढ हाईवे रोड पर आम लोगो व गुप्तचरों से सूचना एकत्रित करते हुए सोनकच्छ टोल नाके के पास गुप्तचर ने सूचना दी कि एक लडका दो दिन पहले सुबह एक जे.सी.वी मशीन को लेकर आया था जिसे पास ही स्थित पहाडी के पीछे खडा कर गया है गुप्तचर की सूचना का निरीक्षण किया तो सोनकच्छ टोल प्लाजा के थोडी दुर स्थित पहाडी के पास मशीन दिखी पास जाकर देखा तो एक लडका जो अंदर बैठा हुआ था पुलिस को अपने पास आता देखकर भागने लगा जिसे धेराबंदी कर पकड़ कर पूछताछ की गई आरोपी जिसकी उम्र 20 वर्ष थी जिला राजगढ का रहने वाला था। चोरी के वाहन के बारे मे ठीक से कोई उत्तर नही देने पर कठोरता से पुछताछ कि तो लड़के ने बताया की वह खुद जे सी बी मशीन का



आपरेटर है दो दिन पहले जेल रोड करोंद से रात उसने एक जे.सी.बी. को चोरी किया जिसे वह कोटा राजस्थान ले जाकर बेच देता पर रास्ते मे पुलिस व टोल प्लाजा से बचने के लिए सोनकच्छ की पहाडी के पीछे मशीन लेकर छुप गया । उसका प्लान था कि अंधेरा होते ही यहां से गांव के कच्चे रास्ते से होता हुआ आगे चला जाता करीब तीन महीने पहले इसी जे सी बी मशीन को वो ही आपरेट करता था आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य चोरी के प्रकरणो मे पुछताछ की जा रही है।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' जनता की भागीदारी और संपूर्ण सफाई पर विशेष जोर

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**
**भोपाल मध्य प्रदेश**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के संबंध में शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर सुगम स्वच्छता व्यवस्था स्थापित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलेगा।बैठक में कार्यालयों, अस्पतालों, सड़कों और रेलवे स्टेशनों आदि की सफाई को प्राथमिकता देते हुए संपूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य तय किया गया। इसके अलावा, स्वच्छता मित्रों के लिए एक विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें उनके लिए पेंशन, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड और अन्य सुविधाएं एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शहर में साइक्लोथॉन, यूथ कनेक्ट कार्यक्रम, वेस्ट टू आर्ट प्रोजेक्ट और डोर-टू-डोर जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ पहल को भी बढ़ावा दिया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि स्वच्छता से जुड़े सांस्कृतिक उत्सव और स्वच्छ फूड स्ट्रीट का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही ÷÷÷ रिड्यूस, रीयूज,



रीसाइकल गतिविधियों को भी शहरभर में लागू किया जाएगा।उन्होंने कहा कि शहर में मौजूद ब्लैक स्पॉट्स की पहचान की जाएगी और उन्हें साफ, सुधार और रूपांतरित किया जाएगा। इसके लिए ब्रांड एंबेसडर की मदद से जन जागरूकता भी फैलाई जाएगी।उन्होंने बताया कि मीडिया कवरेज के माध्यम से स्वच्छता अभियान की जानकारी हर नागरिक तक पहुंचाई जाएगी।अस्पतालों में वॉर्ड और वॉशरूम की सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही शिक्षा विभाग के तहत 10 स्कूलों में छात्रों द्वारा स्वच्छता कोने बनाए जाएंगे।

कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में शौचालयों की सफाई और पानी की आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी गतिविधियों की रिपोर्टिंग और प्रगति की जानकारी ऑनलाइन अपलोड की जाएगी, ताकि अभियान की पारदर्शिता और निगरानी की जा सके।

## स्वशासी इंजीनियरिंग महाविद्यालय के संचालक मंडल की बैठक गतिविधियों, कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय में स्वशासी इंजीनियरिंग महाविद्यालय नौगांव जिला छतरपुर की संचालक मंडल की बैठक हुई। मंत्री परमार ने महाविद्यालयीन गतिविधियों, कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की।परमार ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के समग्र विकास, बेहतर अध्ययन-अध्यापन, वार्षिक गतिविधियों एवं अकादमिक गुणवत्ता सुधार के लिये आवश्यक क्रियान्वयन के लिए संस्थान एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश



दिए। उच्च शिक्षा मंत्री ने संस्थान में विद्यार्थियों के अधिकतम प्रवेश सुनिश्चित कर, उपलब्ध सभी ब्रांच की सभी सीट्स को पूर्ण भरने के लिए व्यापक कार्ययोजना के साथ क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान का शैक्षणिक एवं अकादमिक परिवेश को उत्तम बनाने को कहा। संस्थान की साधारण सभा एवं संचालक मंडल की नियमित बैठक किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव तकनीकी शिक्षा, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल की कुलगुरू, संचालक तकनीकी शिक्षा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य सहित संचालक मंडल के सदस्यगण उपस्थित रहे।



# सीएलसी राउंड में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल - प्रचार्य संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शहडोल ने जानकारी दी है कि शासकीय आईटीआई शहडोल में रिक्त सीटों के लिए सीएलसी राउंड आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत पहले आओ पहले पाओ राउंड के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आवेदक द्वारा किसी भी एक इच्छित आईटीआई के किसी एक इच्छित ट्रेड जिसमें रिक्त सीटें उपलब्ध हो उसकी चॉइस फिलिंग लॉक करने के पश्चात अलॉटमेंट प्रिंट कर संबंधित आईटीआई में प्रवेश हेतु समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं 02 सेट फोटोकॉपी सहित वेरिफिकेशन उसी दिवस करवाना होगा एवं फीस भुगतान के पश्चात स्लिप संबंधित आईटीआई में जमा करना होगा। सीएलसी राउंड में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024 है अधिक जानकारी हेतु श्री नीरज सिंह प्रशिक्षण अधिकारी आईटीआई शहडोल से मोबाईल नंबर 9981249659 पर संपर्क कर सकते है अथवा स्वयं नजदीकी शासकीय आईटीआई में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।







# एसडीएम ने स्वास्थ्य केंद्र झींकबिजुरी का किया निरीक्षण, मरीजों से की चर्चा

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल - कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग ने अनुभाग क्षेत्र जैतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झींकबिजुरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए प्रदान किये जाए जिससे मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में आए मरीजों से भी चर्चा कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति एवं हिंसा रोकथाम समिति द्वारा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षा एवं सामान्य व्यवस्था सहित अन्य बिदुंओं पर चर्चा कर निरीक्षण किया गया।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका, जिम्मेदारी के साथ दें शिक्षा- मंत्री श्री दिलीप जायसवाल

- सभी लोगों के सहयोग से भारत बनेगा विश्व गुरू- मंत्री श्री दिलीप जायसवाल
- भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर आयोजित कार्यशाला में मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने निभाई सहभागिता

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल - प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार में भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर आयोजित एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों, कॉलेजों के प्रोफेसरों का राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालयों एवं कॉलेजों में आने वाले विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा प्रदान करते है जिससे विद्यार्थी आगे चलकर देश, प्रदेश, जिले का नाम रोशन करते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक, प्रोफेसर विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें। उन्होंने कहा कि माता-पिता तो बच्चों को जन्म देते है और उन बच्चों



को शिक्षक अपने आकार में ढालने का काम करते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक, प्रोफेसर विद्यालयो, कॉलेजों में आने वाले विद्यार्थियों को जिम्मेदारीपूर्वक शिक्षा और संस्कार प्रदान करें जिससे वे राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर अपनी जवाबदेही का निर्वाहन कर सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य किये जा रहे जिससे विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिल सकें। मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत देश विकसित देश बनने जा रहा है, विकसित देश तभी बनेगा जब सभी का सहयोग होगा। उन्होंने कहा कि विकसित देश बनाने में अपनी-अपनी





जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक के साथ निर्वहन करें तो अवश्य ही वर्ष 2047 तक भारत विकसित देश के साथ-साथ विश्व गुरू बनेगा। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय की भी सौगातें प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधों का रोपण करना चाहिए। विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के द्वारा प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा मिलने के कारण ही आज ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहें है।



उन्होंने कहा कि विद्यालयों कॉलेजों में आने वाला हर विद्यार्थी शिक्षक से ज्ञान सीखता है और निरंतर आगे बढते हैं। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कार्यशाला के दौरान भारतीय ज्ञान परम्परा पुस्तक का अवलोकन भी किया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार में भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर आयोजित एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार की प्राचार्य प्रो. संगीता मासी सहित विभिन्न कॉलेजों के प्रोफेसर उपस्थिति थे।

# आकस्मिक जनहानि एवं पशुहानि की राहत राशि के भुगतान प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण करें - कलेक्टर

- राजस्व प्रकरणों का समयसीमा में करें निराकरण –कलेक्टर
- कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल - कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। उन्होनें अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व के प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी




चाहिए। राजस्व विभाग में दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन में प्राप्त शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतें किसी भी हाल में अनअटेंडेन्ट नहीं होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों को निराकरण हेतु शिकायतकर्ता से बात कर शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आकस्मिक जनहानि एवं पशुहानि में मिलने वाली राहत राशि में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होना चाहिए। उन्होनें अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहानि एवं पशुहानि पर उनके आश्रितों को मिलने वाली राहत राशि की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर, राहत राशि का भुगतान करनें की कार्यवाही करें।

# कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**



शहडोल - प्रदेश सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने बुधवार को संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम लिमिटेड एवं मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने 10



सितंबर को निगम, मंडलों, समितियों, परिषदों , प्राधिकरणों एवं अन्य संस्थाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष , संचालक, सदस्यों के पूर्व में किए गए मनोनयन को निरस्त किए जाने का आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि जिन उपक्रमों के अध्यक्ष का कार्यभार विभागीय अपर मुख्य सचिव , प्रमुख सचिव या सचिव ने प्राप्त किया था, उनके कार्यभार अब भारसाधक मंत्री को सौंपा जाना है। साथ ही कि ऐसे उपक्रम जिनके नियमों में अध्यक्ष की नियुक्ति या मनोनयन की कोई विशेष व्यवस्था है, वहाँ अध्यक्ष का प्रभार उसी प्राधिकारी के पास रहेगा, जिसका उल्लेख नियमों में है। इसके बाद राज्य शासन ने 11 सितंबर को संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम लिमिटेड एवं मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष का प्रभार कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री जायसवाल को सौंपे जाने का आदेश जारी किया। आदेश जारी होने के बाद राज्यमंत्री श्री जायसवाल संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम लिमिटेड एवं मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड पहुंचकर अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया। मंत्री श्री जायसवाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड के एमडी श्री मोहित बुंदस और मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के एमडी श्री माल सिंह भयडिया से निगम व बोर्ड में होने वाले कार्यों के संबंध में चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कलेक्टर श्री सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सीहोर जिला प्रदेश में फिर नम्बर वन

**सीहोर।** कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं जिले के अधिकारियों के गंभीर प्रयासों का नतीजा है कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिला पिछले पौने दो साल से लगातार प्रदेश में पहले नम्बर पर आ रहा है। सीएम हेल्पलाइन की 19 जुलाई 2024 को जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सीहोर जिला ग्रुप-ए में फिर पहले नम्बर पर आया है। सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग के अनुसार सीहोर जिले में माह मई-जून में कुल 5710 शिकायतों का 79.63 वेटेज स्कोर के साथ निराकरण किया गया। जबकि सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में विदिशा दूसरे स्थान पर तथा तीसरे पर सिंगरोली रहा। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह बताया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिले के लगातार हर माह प्रदेश में प्रथम स्थान पर आने का मुख्य कारण यह है, कि सभी विभागों के जिला अधिकारियों द्वारा आमजन की शिकायतों का संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रदेश में प्रथम आने पर जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह सहित जिले की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय सेवकों का हमेशा यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें राहत दी जाए कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि शिकायतों के निराकरण में आने वाली कठिनाई को दूर करने तथा समय सीमा में निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को जिला स्तर पर मार्गदर्शन दिया जाता है। जिला अधिकारियों के साथ ही मैदानी अमला भी शिकायतकर्ताओं से सम्पर्क कर त्वरित निराकरण के लिए पूरी गंभीरता और तत्परता से कार्य करते हैं। उचित मार्गदर्शन से शिकायत उच्च स्तर पर जाने के पूर्व ही फर्स्ट लेवल में ही निराकरण कर लिया जाता है।



# जिला स्तरीय खेलकूद समारोह में छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**(भोजपुर ग्राम भारती जिला रायसेन का आयोजन)**



**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

देवरी- विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला रायसेन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं सानंद सम्पन्न हुई। सरस्वती शिशु मन्दिर खिरेंटी आलीबाडा तहसील उदयपुरा में आयोजित एकल एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं में भैया बहिनों ने शानदार प्रदर्शन किया।100 मीटर दौड़ में माया विश्वकर्मा,सोम यादव,200 मीटर दौड़ में हंशिखा एवं सूरज कीर,400 मीटर में केशव सिसोदिया, युविका नागर एवं 600 मीटर दौड़ में बम्होरी विद्यालय के देव चौरसिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद कृष्णा धानुक, रितिक गुप्ता, लम्बी कूद में वैष्णवी धाकड़, गोला-फेंक में शिवकांत आदिवासी, लक्ष्मी लोधी, चित्र कला में अंशिका साहू, रंगोली में भूमि सोनी,कनक रघुवंशी,एकल गीत में मानवी गुप्ता , तात्कालिक भाषण में हेमलता साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमायाइन प्रतियोगिताओं में शिशु वर्ग एवं बाल वर्ग के भैया बहिनों ने सहभागिता की। सभी छात्रों को अतिथियों ने शील्ड और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। समिति जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक बौद्धिक विकास होता है, स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मन का विकास होता है। आगे प्रांत पर आप सभी अच्छा प्रदर्शन करेंगे ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है आप सभी को बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं। जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती में खेल कूद समारोह का विशेष महत्व है। हमारे विद्यालयों के छात्र विद्यालय, जिला, प्रांत, क्षेत्र और अखिल भारतीय स्तर तक पहुंच सकते हैं, क्योंकि विद्या भारती को स्क्रगड्ढ (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) की मान्यता प्राप्त है। कार्यक्रम का संचालन राहुल आचार्य ने किया। स्वागत सुन्दर सिंह कुशवाह एवं राजाराम ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जिला समिति उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह रघुवंशी, प्रमोद सिंह रघुवंशी,लखन सिंह जिला संपर्क प्रमुख सभी प्रधानाचार्य एवं भैया बहिन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला प्रचार प्रमुख अमित कुमार रघुवंशी ने दी।

# प्रजापति जन जाग्रति संगठन मध्य प्रदेश ने चलाया समाज जागरूकता अभियान।।

**संवाददता हल्केवीर की न्यूज़**



उदयपुरा। प्रजापति जन जागृति संगठन उदयपुरा जो मध्यप्रदेश के समस्त प्रजापति समाज एक घनिष्ठ एकता का प्रतीक है जन जाग्रति संगठन के द्वारा निरंतर सुंदरकांड का आयोजन किया जा रहा है सुंदरकांठ का आयोजन संगठन के अध्यक्ष श्री रामदास प्रजापति जी के ग्राम रमपुरा (देवरी) में निजी निवास पर हुआ जिसमे समाज के मेडिकल आ?ॅपोजिट एड्रेस कैबिनेट मंत्री श्री राम दयाल जी प्रजापति इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे भोपाल से पधारे मंत्री जी का स्वागत प्रजापति समाज के द्वारा कई स्थानों पर किया गया जैसे उदयपुरा में न्यूज निवास पर श्री सुदर्शन प्रजापति जी सचिव पिता श्री गणेश प्रजापति सचिव श्री गोकल जी प्रजापति ठेकेदार परमानंद राज प्रजापति जी संगठन उपाध्यक्ष श्री संतोष प्रजापति मनकापुर प्रसटन कॉलेज के ऑनर श्री मोहन जी प्रजापति उदयपुरा जन जाग्रति संगठन मध्य प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेंद्र प्रजापति जी मनकापुर एवं जिला मीडिया प्रभारी राम जी प्रजापति मनकापुर उदयपुरा में स्वागत किया एवं समाज से हट के उदयपुरा में स्छरू साहब जिला कलेक्टर साहब ने उदयपुरा में स्वा विभिन्न जिलों से बहुत जनसंख्या में प्रजापति बंधु एकत्रित हुए जैसे नरसिंहपुर से न्यूज़ रिपोर्टर गणेश जी प्रजापति चीचली से धनराज प्रजापति जी मऊ से गणेश जी प्रजापति स्वास्थ्य विभाग पिपरिया इमलिया से गोविंद जी प्रजापति शिव गणेश मंदिर अध्यक्ष शिक्षक विभाग से श्री कल्याण जी प्रजापति भोपतपुर नवीन जी प्रजापति भोपतपुर अन्धोरा से श्री फूलचंद जी प्रजापति श्री पीतम जी प्रजापति अन्धोरा श्री केदार जी प्रजापति मालनवाड़ा श्री प्रहलाद जी प्रजापति मनकापुर आकाश प्रजापति आमगांव छोटा शिवराज प्रजापति रवि शंकर प्रजापति गजेंद्र जी प्रजापति मनकापुर एवं सभी समाज के वरिष्ठ लोगों ने स्वागत किया गया और अन्य जिलों से बहुत ही जनसंख्या में सामाज के बंधु एकत्रित हुए जैसे नरसिंहपुर सागर नर्मदा पुरम रायसेन होशंगाबाद भोपाल और कई जिलों से एकत्रित हुए सुंदरकांड में समाज के प्रति समाज की ऊंचाई सामाज के बच्चों को शिक्षित बनाना अपने कदमों पर चलने के लिए प्रेरित एवं समाज एकता नए युवाओं को राजनीतिक खेल व्यापार के संबंध में चर्चा की हमारी प्रजापति सामाज मध्य प्रदेश में एक बहुत बड़ी संख्या में हैं हम लोग एक जुट होकर एक साथ मिलकर काम करें एक दूसरे का और सभी प्रकार की योजना से बनकर संदेश का समाज में मैसेज किया उन्होंने उन्होंने बोला मेरी जहां भी कोई जरूरत पड़े तो मुझे याद कर लेना आपका अपना रामदयाल प्रजापति माटी कला बोर्ड अध्यक्ष मध्य प्रदेश आभार व्यक्त करता जन जागृति संगठन मध्य प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेंद्र प्रजापति मनकापुर।

# बाजार में दिनदहाड़े हुई चोरी, सोने-चांदी के जेवरात व नगदी पार, कैमरे में कैद हुआ आरोपी

**अनूप गुप्ता**
**अनूपपुर / बिजुरी**



जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमान मंदिर के पास पति-पत्नी द्वारा खरीदे गए सोने-चांदी के जेवरात कीमती 8 हजार 700 रूपए तथा 3 हजार 200 रूपए नगद को चोरी अज्ञात चोरो द्वारा कर ली गई, जहां चोरी करते हुए चोरो की तस्वीर पास के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 302(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर मामले की विवेचना में जुटी हुई है। मामले की जानकारी के अनुसार भुवनेश्वर कुशवाहा पिता सियाराम कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी बेहराबांध ने थाना पहुंच शिकायत दर्ज कराई कि 10 सितम्बर को वह अपनी पत्नी के साथ घरेलू काम एवं सामान खरीदने बिजुरी बाजार आया हुआ था, जहां बैंक, पोस्ट ऑफिस एवं बाजार का काम करने के बाद दोनो पति-पत्नी अपनी सास के लिए बिजुरी बाजार में लल्ला सोनी के यहां एक जोड़ी चांदी की पॉयल कीमत 7 हजार 700 रूपए तथा दो नग सोने के नाक की फुलिया कीमत 1 हजार रूपए की खरीददारी की गई तथा अचानक बारिश होने के कारण झोले में खरीदी गई सोने एवं चांदी की सामग्री, 3 हजार 200 नगद, पति-पत्नी वा बच्चों को 5 आधार कार्ड, 5 आयुष्मान कार्ड, 2 श्रम कार्ड, 2 पेन कार्ड रखते हुए पतंजली दुकान के बाहर खड़ा हो गया तथा दुकान के बगल में फुलकी की दुकान में उसकी पत्नी फुलकी खाने लगी, इस बीच उसने झोला दुकान के पास रख दिया, जिसे दो अज्ञात चोरो द्वारा चोरी करते हुए बाइक में बैठकर भाग निकले, जिसका पीछा किया गया, लेकिन चोरो तक पहुंच पाया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करते हुए मामले की विवेचना की गई। जहां फरियादी द्वारा बताए गए स्थान के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करते हुए चोर की तस्वीकर कैद हो गई। वहीं पुलिस फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरो की पहचान में जुटी हुई है।

# नाबालिग बालक को बाल कल्याण समिति ने उसके परिवार को सौंपा ज्ञापन




अनूप गुप्ता

अनूपपुर। चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 भोपाल से प्राप्त जानकारी अनुसार एक अज्ञात बालक जिसकी उम्र 09 वर्ष लगभग, माता / पिता तथा पता-अज्ञात को बस ड्राइवर बलवन सिंह, निवासी ग्राम-दोनिया थाना- अमरकंटक द्वारा अज्ञात बालक को अपनी देखरेख में रखकर 1098 में सूचना की गई। रात्रि ड्?यूटी पर तैनात वन स्टॉप सेंटर सखी अनूपपुर में प्रभा केवट (केसवर्कर) द्वारा प्राप्त जानकारी पर तत्काल संज्ञान लेते हुये जिला बाल संरक्षण अधिकारी विनोद परस्ते को सूचना दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा थाना प्रभारी अमरकंटक से दूरभाष पर चर्चा कर उक्त बालक को अपनी अभिरक्षा में लेने हेतु कहा। थाना अमरकंटक में पदस्थ पुलिस अधिकारी अमलेश बघेल द्वारा ग्राम दोनिया जाकर बालक को सुरक्षित लाया गया और बाल कल्याण समिति अनूपपुर के समक्ष बालक को प्रस्तुत किया गया। चूंकि बालक के संबंध में ज्यादा जानकारी प्राप्त नहीं होने से बालक के घर वालों का तत्काल पता लगाने में व्यावहारिक कठिनाइयां थी लेकिन बाल संरक्षण अधिकारी की तत्परता से बालक द्वारा प्राप्त अपुष्ट जानकारी के आधार पर पतासाजी की गई और विभाग की कुशलता से अंततः बालक के माता पिता का पता लगाया जा सका। इस सम्बध में जानकारी जुटाने तथा बालक के निवास आदि का पता लगवाने में ग्राम-पंचायत सकरा के सरपंच सन्तोष कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा।बालक का नाम अमित सिंह है और वह शहडोल जिले के ग्राम सोनहा सोहागपुर का निवासी पाया गया। बालक का पिता गोपाल सिंह ने बताया कि बालक मानसिक रूप से अविकसित है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी की तत्परता एवं बालकों के प्रति विशेष क्रियाशीलता की वजह से बालक अमित कुमार सिंह को परिवार में पुनर्वासित किया जा सका।

# जंगल में चल रहे जुआं फड़ पुलिस ने मारा छापा, 4 आरोपी गिरफ्तार

## 1.5 लाख नगद सहित 7 बाइक एवं 5 मोबाइल जब्त




**अनूप गुप्ता**


अनूपपुर। जिले के वेंकटनगर पुलिस द्वारा जंगल में चल रहे जुआं फड़ पर बड़ी कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख 54 हजार 550 रूपए नगद सहित 5 मोबाइल एवं 7 बाइक को जब्त करते हुए जुआं एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस की इस रेड कार्यवाही के दौरान कई जुआड़ी मौके से फरार हो गए है। मामले की जानकारी के अनुसार वेंकटनगर चौकी के अंतर्गत ग्राम मुण्डा खालबैहरा के जंगल में बीते कई दिनों से जुआं के संचालन की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान एवं अतितिरक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी के निर्देशन में वेंकटनगर पुलिस ने 12 सितम्बर की शाम लगभग 5 बजे मौके पर पहुंचकर जुआं फड़ में दबिश दी गई। जहां पुलिस को देखकर कई जुआड़ी मौके से भाग निकले, वहीं पुलिस ने चार जुआडियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। पकड़े गए जुआडियों में नरेश कश्यप पिता शिवराज उम्र 40 वर्ष निवासी पदगवां पेण्ड्रा छत्तीसगढ़ सूरज रजक पिता आनंदी रजक उम्र 34 वर्ष निवासी खोंसरा बिलासपुर, सलीम अख्तर पिता हलीम उम्र 38 वर्ष एवं दीपक समुद्रे पिता मुन्ना समुद्रे दोनो निवासी बनिया टोला कोतमा को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 1 लाख 54 हजार 550 रूपए नगद सहित 5 मोबाइल एवं 7 बाइक को जब्त करते हुए पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ जुआं एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में वेंकटनगर चौकी से सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कुमार अहिरवार, अरविंद राय, आरक्षक विजय टाटू, संग्राम सिंह, बलराम पैकरा, सोनू परेते की सराहनीय भूमिका रही।

# ऊर्जा विभाग में कार्यरत मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के युवा सड़को पर दर बदर की ठोकरें खा रहे, नही मिला कोई रोजगार मध्य प्रदेश परिसंघ के संयोजक इंजीनियर राहुल अहिरवार ने शासन को लिखा पत्र और युवाओं को नियमित रोजगार प्रदान करने की मांग की

मीडिया रिपोर्ट में इंजीनियर राहुल अहिरवार ने अवगत कराया कि माननीय पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की घोषणा की गई थी, एवं जोर-शोर से प्रचार किया



गया था, कि छात्रों को काम सीखने के साथ-साथ स्टायफंड भी मिलेगा साथ में उसी विभाग में या अन्य किसी विभाग में नियमित रोजगार प्रदान किया जाएगा, परंतु वर्तमान में 3 अगस्त तक समस्त प्रशिक्षुयो की ट्रेनिंग समाप्त हो गई है,तथा ऊर्जा विभाग में लगे हुए समस्त युवाओं को उनके प्रतिष्ठानों ने कार्य मुक्त कर दिया है, प्राइवेट कंपनियों में प्रशिक्षण ले रहे, युवाओं को तो कंपनी रोजगार प्रदान कर रही है लेकिन सरकारी ऊर्जा विभाग में लगे हुए समस्त युवा पूरी तरह से बेरोजगार हो गए हैं, योजना के


को ही निर्णय लेना चाहिए युवाओं के द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठानों में रोजगार हेतु कोशिश की गई है,लेकिन प्रतिष्ठानों ने स्पष्ट मना कर दिया कि शासन से कोई आदेश नहीं आया अगर शासन से कोई आदेश आता है,तो प्रतिष्ठान कार्यवाही करने के लिए तैयार है, इस प्रकार ऊर्जा विभाग के समस्त युवा सड़को पर दर-बदर की ठोकरें खा रहे हैं, जिससे मध्यप्रदेश शासन की घोषणाओं की उपेक्षा हो रही है, तथा मध्यप्रदेश के समस्त युवाओं का शासन की योजनाओं के प्रति गहरा रोष एवं असंतोष व्याप्त है,

अतः संगठन श्रीमान जी से अनुरोध कर रहा है,कि मध्य प्रदेश के युवाओं के भविष्य को देखते हुए ऊर्जा विभाग में लगे हुए समस्त मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के युवाओं को नियमित पद या संविदा पद पर नियमित रोजगार प्रदान करने का आदेश प्रस्तावित किया जाए,कृत कार्यवाही से संगठन की ई-मेल आई डी parisanghmp76@gmail.com पर अवगत कराने का कष्ट करे,

भवदीय
राहुल अहिरवार
संयोजक आई.टी.परिसंघ
मो:-7697959515

अनुरूप युवा स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं लेकिन ऊर्जा विभाग में ट्रेनिंग ले रहे समस्त युवा स्वयं का विद्युत विभाग या स्वयं की ट्रांसफार्मर सुधार कंपनी नहीं खोल सकते, इस तरह समस्त युवा पूरी तरह से बेरोजगार हो गये है, समस्त युवाओं के हित में मध्य प्रदेश शासन को ही निर्णय लेना चाहिए युवाओं के द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठानों में रोजगार हेतु कोशिश की गई है,लेकिन प्रतिष्ठानों ने स्पष्ट मना कर दिया कि शासन से





कोई आदेश नहीं आया अगर शासन से कोई आदेश आता है,तो प्रतिष्ठान कार्यवाही करने के लिए तैयार है, इस प्रकार ऊर्जा विभाग के समस्त युवा भोपाल की सड़को पर दरङ्बदर की ठोकरें खा रहे हैं, और मध्य प्रदेश शासन को अनेकों ज्ञापन भी दे चुके हैं, परंतु मध्य प्रदेश शासन ने आज दिनांक तक कोई भी निर्णय नहीं लिया जिससे मध्यप्रदेश शासन की घोषणाओं की उपेक्षा हो रही है, तथा मध्य प्रदेश के समस्त युवाओं का शासन की योजनाओं के प्रति गहरा रोष एवं असंतोष व्याप्त है,संगठन के संयोजक इंजीनियर राहुल अहिरवार माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी, माननीय प्रमुख सचिव ऊर्जा विभाग, माननीय प्रमुख सचिव तकनीकी एवं कौशल विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन को पत्र लिखकर मध्यप्रदेश शासन से मांग की है,मध्य प्रदेश के युवाओं के भविष्य को देखते हुए ऊर्जा विभाग में लगे हुए समस्त मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के युवाओं को नियमित पद या संविदा पद पर नियमित रोजगार प्रदान करने का आदेश प्रस्तावित, जिससे मध्य प्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे और उनकी एक साल की ट्रेनिंग का सही उपयोग भी हो, तथा यह भी देखा जा रहा है कि बिजली विभाग में अधिकारी और कर्मचारियों की अच्छी खासी कमी भी है, जिससे यह मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के युवा छात्र अब पूरी तरह से प्रशिक्षित हो चुके हैं, और कंपनी की मैन पावर को कुशल युवा कर्मचारी भी मिल जाएंगे, मध्य प्रदेश शासन को युवाओं की मांग को स्वीकृत कर समस्त युवाओं को जल्द से जल्द रोजगार प्रदान करना चाहिए।

# जन अधिकार मोर्चा ने डिमरापाल अस्पताल में हो रही अव्यवस्थाओं को सुधारने हेतु अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।




आज जन अधिकार मोर्चा ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में डिमरपाल अस्पताल में हो रही पी डब्लू डी विभाग की लापरवाही को उजागर किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि बस्तर वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 400 करोड़ रूपए की लागत से डिमरापाल मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल बनाया गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं दे रहा जिससे व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है अस्पताल के वार्डो का शौचालय टूट-फूट कर चोक हो गया है सीलिंग गिर रही है


!!भारत माता की जय !!
!!छत्तीसगढ़ महतारी की जय !!
जन अधिकार मोर्चा
पंजी.सं 3876 / 18
सामाजिक संगठन
राजेश शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, मो. 9350962992
कर्मवीर सिंह, प्रदेश प्रभारी (छ.ग.), मो. 7974807900
चन्द्रिका सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यालय जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9425262420, 9669131210
क्रमांक / ज. अ. मो. / दिनांक 12/09/2024
पता- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड धरमपुरा क्रमांक-1 / जगदलपुर (छ.ग.)


वहीं डॉक्टर चैंबर, ऑपरेशन थिएटर, वार्डों में सिपेज से लोगों को काफी परेशानी हो रही है पीडब्ल्यूडी की लापरवाही का खामियांजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है मरम्मत के लिए कॉलेज प्रबंधन पीडब्ल्यूडी विभाग को कई बार पत्र लिख चुका है लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। अतः आपसे निवेदन है कि उपरोक्त समस्या का समाधान करने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रभारी कर्मवीर सिंह , प्रदेश संयोजक दीप्ती तिवारी, प्रदेश सचिव किरण देवांगन,जिला अध्यक्ष शोभा गंडोत्रा , बस्तर संभाग अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार,जिला सचिव अनीता चौहान,जिला सचिव सावित्री सिरदार, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर दुबे व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# अहिरवार समाज संघ भारत ,जिला नरसिंहपुर के पदाधिकारियों/ सदस्यों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**गाडरवारा** - अहिरवार समाज संघ भारत ,जिला नरसिंहपुर के विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन की कार्य प्रणाली से असंतुष्ट होकर अपना सामूहिक इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय के नाम प्रेषित किया है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार के नेतृत्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष श्री प्रीतम अहिरवार के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपने पदों से सामूहिक इस्तीफा देते हुए अहिरवार समाज संघ भारत से अपने आप को पृथक किया।

## इस्तीफा देने वाले पदाधिकारी एवं सदस्यों की सूची संलग्न है -

अहिरवार समाज संघ भारत एवं उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष डां जगदीश सूर्यवंशी की कार्यप्रणाली से नाराज नरसिंहपुर जिला के समस्त पदाधिकारयों ने सामुहिक इस्तीफा दिया



# मैं गणेश बोल रहा हूँ ..!

**राजकुमार कांदु, मुंबई**

सड़क किनारे बैंड बाजे और डीजे के शोरगुल के बीच गणपति विसर्जन के बाद थके हारे लोग अपने - अपने घर पर सुहाने सपनों की दुनिया में खोये हुए थे।

नाचना - गाना तो मेरे बस का नहीं था, लेकिन देर रात तक देव दर्शन की आस लिए सड़कों पर खड़े - खड़े मैं भी थक गया था।

मेरे साथ मेरा पाँच वर्षीय पौत्र निर्भय भी था। सभी नाचते - गाते बैंड बाजे और अबीर - गुलाल उड़ाते विसर्जन के लिए आगे बढ़ रहे थे।

निर्भय जो अब तक शांत होकर देव दर्शन का आनंद ले रहा था अचानक बोल उठा, ÷ दादाजी ! इन डीजे वालों ने तो सैराट वाला गाना लगाया हुआ है। क्या गणपति जी को भी सैराट का गाना पसंद है ?

अब मैं क्या जवाब देता ? सैराट फ़िल्म के गाने ने धूम ही इतनी इतनी मचाई थी।

मैं भी सभी सामान्य लोगों की तरह ही गहरी नींद में सोया था कि किसी ने मेरा चद्दर खिंच लिया। झुंझलाते हुए आँखें मसलते हुए चद्दर खींचने वाले की तरफ देखा।

क्या आश्चर्य ?.. मुझे तो विश्वास ही नहीं हो रहा था और सामने ही खड़े गणाधिपति गणपति मंद मंद मुस्कराते हुए मेरी अवस्था का अंदाजा लगा कर खुश हो रहे थे।

जी हाँ ! यकीन मानिये.. स्वयं साक्षात् गजानन महाराज ही मेरे सम्मुख खडे थे।

अब शंका की कोई गुंजाईश ही नहीं थी। एक पल की भी देर किये बिना अगले ही पल मैं विघ्न विनाशक के चरणों में साष्टांग करते हुए उनसे अपने विघ्न दूर करने की याचना करने लगा।

श्री लम्बोदर एकदंत महाराज अचानक झुके और अपने दोनों हाथों से मेरे दोनों बाजुओं को पकड़ कर उठाते हुए बोले, ÷उठो वत्स ! फिलहाल तो मैं तुम्हारे पास अपने ऊपर छाये विघ्न को दूर करने की आस लिए आया हूँ।÷

मधुर स्वरलहरी कानों में गूँज उठी और मैं चौंककर बिना उनकी मदद के स्वयं ही उठकर विस्मय से खड़ा हो गया।

यह क्या अनर्थ है ? पूरी सृष्टि के विघ्नहर्ता स्वयं अपने ऊपर छाये विघ्न की बात कर रहे थे और याचक बन कर मेरे घर पधारे थे। मुझे अपने कानों पर विश्वास ही नहीं हो रहा था और मेरी परेशानी को समझ कर अंतर्यामी गौरिसुत स्वयं ही बोल पड़े, ÷चिंता न करो वत्स ! मैं कोई बहुत बड़ी मुसीबत में नहीं हूँ। बस अपने मन की बात तुम धरतीवासियों से कहना चाहता था बहुत सालों से। सोच रहा था किससे कहूँ ? कैसे कहूँ ? कल विसर्जन के वक्त तुम्हारे पोते की बात सुनकर मुझे लगा कि मैं अपने मन की बात तुमसे कर सकता हूँ। मुझे लगता है कि तुम ही मेरी बात सभी इंसानों को अच्छी तरह से समझा सकते हो।÷

अब तो मेरे उत्सुकता की कोई सीमा नहीं थी। स्वयं जगत के पालनहार भालचंद्र मुझसे मुखातिब थे, सो बिना देर किए ही बोल पड़ा, ÷हे महादेवनंदन ! कहिये ! मैं कैसे आपके काम आ सकता हूँ ?÷

देवाधिदेव महागणपति मंद - मंद मुस्कराते हुए बोले, ÷वत्स ! तुम मेरे काम कैसे आ सकते हो ? मैं तो तुमको निमित्त मात्र बनाना चाहता हूँ। अपनी बात मैं तुम्हारे माध्यम से पूरी दुनिया से कहना चाहता हूँ। अब ध्यान से मेरी पूरी बात सुनो।÷

मैं पूरी तरह से मुस्तैद हो गया और ध्यान से विघ्नविनाशक मंगलमूर्ति की बात सुनने लगा।

÷मैं तुम मानवों के स्वभाव के बारे में क्या कहूँ ? अच्छा भला मैं कैलाश पर्वत के विशाल परिसर में स्वर्ग का सुख उपभोग करता अपना समय व्यतीत कर रहा होता हूँ। अपने जन्मदिन की तैयारी करना ही चाहता हूँ कि धरती के एक विशेष हिस्से में भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी से पहले ही लोग मेरे नाम का गुहार लगाने लगते हैं। चतुर्थी के दिन जो कि मेरा जन्मदिन है पूरे देशभर में जगह - जगह पंडाल वगैरह बना कर मेरी प्रतिमा स्थापित कर मेरा पूजन प्रारंभ कर देते हैं। भक्तों की भावना के वशीभूत अपना जन्मदिन अपने सगे सम्बन्धियों और माता - पिता के बीच न मनाकर मैं मृत्युलोक में तुम मानवों के बीच रहने आ जाता हूँ।÷

कहते हुए वक्रतुंड कुछ देर के लिए रुके, फिर धीरे से बोले, ÷जब मेरी प्रतिमा स्थापित करने व प्राणप्रतिष्ठा के बाद विधिवत मेरा पूजन करके मेरा प्रिय मोदक मुझे भोग के रूप में चढ़ाया जाता है तब मैं बड़ा ही खुश होता हूँ। दिनभर मंडप में गूँजनेवाले भक्ति गीतों और यदाकदा लगाये जाने वाले मन्त्रों और श्लोकों को सुनकर भी मुझे परम आनंद की अनुभूति होती है। सुबह और फिर शाम को मेरी आरती में जमा होने वाली भीड़ का उत्साह और उनकी भावना को महसूस करके भी मैं बहुत खुश होता हूँ।÷

मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा था और सोच रहा था कि आखिर इन्हें शिकायत क्या है ? सो बीच में ही टोक पड़ा, ÷माफ़ कीजियेगा भगवन ! लोग श्रद्धा से और भक्तिभाव से आपकी पूजा अर्चना करते हैं जो आपके मन को भाता भी है तो फिर आप कहना क्या चाहते हैं ?÷

अब विघ्नेश्वर कुछ असहज लग रहे थे, ÷मैं वही तो बताने जा रहा था कि तुम बीच में ही टपक पड़े। टोकाटाकी न करो और ध्यान से मेरी बात सुनो। आरती करते हैं, प्रसाद बाँटते हैं, खुशियाँ मनाते हैं वहाँ तक तो सब ठीक है, लेकिन जब रात होती है तो मंडल के कार्यकर्त्ता जो दिनभर मेरी भक्ति का दम भरते हैं मेरे ही सामने मेरे ही मंडप में बैठकर रतजगा के नाम पर जुआ खेलने जैसा अनैतिक कृत्य करते हैं। अब तुम्हीं बताओ मैं अपने भक्तों की इस अधोगति को कैसे पसंद कर सकता हूँ ?

इतना ही नहीं सुबह - सुबह आरती के बाद जो लाउड स्पीकर पर फ़िल्मी गाने तेज आवाज में शुरू होते हैं तो फिर वो सिलसिला दिन भर जारी रहता है।÷

एक पल के लिए लम्बकर्ण रुके और अपने लंबे कानों को फड़काते हुए बोले, ÷देखो ! मेरे इन लंबे कानों को देखो ! मैं इंसानों से हजार गुना तेज सुनता हूँ और जब इंसान मेरे सामने ही कर्णकर्कश आवाज में फ़िल्मी गाने लगा कर मेरे नाम पर स्वयं का मनोरंजन करता है तो मुझे पीड़ा होती है।

इंसान इतनी सी बात क्यों नहीं समझता कि अगर इस ध्वनिप्रदुषण की वजह से मेरे कानों को कोई तकलीफ हो गई तो फिर कौन उनकी सुनेगा ? कौन उनके विघ्न हरेगा ?÷

मैं सहमति में सिर हिलाते हुए बोला, ÷हे गजकर्ण महाराज ! आपने बिलकुल दुरुस्त फरमाया है। मैं इस तरफ इंसानों का ध्यान आकृष्ट करने की कोशिश अवश्य करुँगा।÷

लंबदंत और अधीर लग रहे थे अपनी पूरी बात कहने के लिए सो बीच में ही टपक पड़े, ÷अरे पहले मेरी पूरी बात तो सुनो। ये आयोजक लोग ऐसे ऐसे अश्लील फ़िल्मी गाने बजाते हैं जिन्हें सुनकर दिल कहता है की तुरंत ही मंडप छोड़कर भाग जाऊँ, लेकिन फिर भक्तों की भावना का ख्याल कर मजबूरी में बैठा रहता हूँ। अभी कल ही तुमने देखा जो तुम्हारे पोते ने इंगित किया। वो डीजे वाले सैराट का गाना बजा रहे थे। वहाँ तक तो ठीक है तुम्हारे सामने से आगे जाने के बाद डीजे वालों ने लगाया 'शिला की जवानी ज्ज.

...और फिर... 'मुन्नी बदनाम हुई

अब तुम्हीं बताओ क्या करूँ मैं शिला की जवानी का ?.. और वो पता नहीं कौन मुन्नी बदनाम हुई।... होती है तो होती रहे जब तक मेरी शरण में नहीं आएगी मैं उसका भला कैसे कर सकता हूँ ?÷

अब कुछ - कुछ बात मेरे समझ में आ रही थी, ÷अच्छा तो आपको इन अश्लील गानों पे आपत्ति है ?÷

अब वरदहस्त थोडा खुश होते हुए बोले, ÷हाँ अब सही समझे हो। इतना ही नहीं ये ध्वनिप्रदूषण के साथ ही विषैले पटाखों के शोर से वायु प्रदूषण को भी बढ़ावा देते हैं। अब देखो इंसान अपने लिए मुसीबतें खुद खड़ी करता है और जब इसके प्रत्युत्तर में कुदरत थोड़ी भी प्रतिक्रिया दिखाती है तब दोष भी हमें ही देते हैं। अब बताओ भूकंप, बाढ़, सूखा, अकाल जैसी आपदाओं के लिए क्या इंसान जिम्मेदार नहीं है? अगर ये लोग पर्यावरण का ध्यान रखें तो इन कुदरती विनाश लीलाओं से बच सकते हैं।...लेकिन वाह रे इंसानी समझ ! ये अपनी गलतियों पर पर्दा डालने के लिए हर कुदरती आपदा के लिए हमें जिम्मेदार मानकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं....÷

एक क्षण मेरे चेहरे पर बदलते भाव पढ़ने का प्रयास करते हुए वह आगे बोले, ÷...और तो और मेरी मूर्तियों को जल में विसर्जन करने के नाम पर भी ये दो गलतियाँ करते हैं। पहली तो ये कि यहाँ भी जलप्रदूषण को बढ़ावा मिलता है। जल में रहनेवाली मछलियाँ व अन्य जीव इससे बुरी तरह प्रभावित होती हैं और दूसरी सबसे अहम् बात ये है कि मेरे विसर्जन का क्या अन्य कोई शास्त्र सम्मत विधान नहीं है ? इन्सान यह क्यों भूल जाता है कि पवित्र श्लोकों और मंत्रोच्चार की ध्वनि के बीच इन सभी मूर्तियों में मेरी प्राणप्रतिष्ठा कराई जाती है.. और अब तुम्हीं बताओ जिसमें प्राण हो ऐसे किसी जीव का जल में विसर्जन कर देना कहाँ की समझदारी है ?

..... मैं कोई जल का जीव तो नहीं हूँ जो मुझे जल से कोई पीड़ा नहीं होगी ? वो तो भला हो मेरे तपोबल का जो मैं अपनी योग शक्ति के बल पर वहाँ से किसी तरह बच कर वापस कैलाश पर पहुँच जाता हूँ।

कैलाश पहुँच कर राहत की साँस लेता हूँ और प्रण करता हूँ कि अब अगले बरस नहीं आऊँगा।

विसर्जन के वक्त %पुढच्या वर्षी लवकर या% का घोष सुनकर मेरा दिल बैठ जाता है लेकिन क्या करूँ ? आखिर हम भक्तों की भावना के अधीन जो हैं। बस तुमसे इतना ही कहना था। क्या इंसान मेरी भावनाओं की कदर करेंगे ?÷

अभी मैं कुछ जवाब देता कि कुछ धम्म से मेरे ऊपर गिरा और मैं चौंक कर उठ बैठा। मेरा दो वर्षीय पौत्र सार्थक मुझे नींद से जगाने में कामयाब हो गया था।

गणेशजी की व्यथा को याद कर मन थोडा उद्विग्न तो हुआ लेकिन इस पर फिर कभी सोचने का ठान कर दिनचर्या में व्यस्त हो गया। क्या आप लोग भी कुछ विचार करना चाहेंगे इस बारे में ?

# स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई)



दिनांक- 12/09/2024

प्रेस विज्ञप्ति

**अलविदा कामरेड सीताराम येचुरी**

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया अपने प्यारे साथी, एस.एफ. आई. पूर्व अखिल भारतीय अध्यक्ष और सी पी आई (एम ) के महासचिव सीताराम येचुरी के सम्मान में अपने सांगठनिक ध्वज को झुकाता है।

कॉमरेड सीताराम येचुरी ने अपना सार्वजनिक जीवन एक जीवंत नेता और छात्र आंदोलन के संगठनकर्ता के रूप में शुरू किया। वह दिल्ली में अपने कॉलेज के दिनों के दौरान एसएफआई के सदस्य बने और बाद के वर्षों में जेएनयू में छात्रों के सबसे लोकप्रिय और ऊर्जावान नेताओं में से एक के रूप में उभरे। आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में जेएनयू के छात्रों को एकजुट करने में सीताराम येचुरी ने अहम भूमिका निभाई। वह लगातार तीन बार जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए।

कॉमरेड सीताराम येचुरी को 1984 में दमदम में हुए स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के 5वें अखिल भारतीय सम्मलेन द्वारा अध्यक्ष चुना गया था और 1986 में विजयवाड़ा में 6वें अखिल भारतीय सम्मेलन तक उन्होंने कार्य किया। उन्होंने 1980 से 1986 तक स्टूडेंट स्ट्रगल पत्रिका के संपादक के रूप में भी कार्य किया। वे इस पत्रिका के अब तक के सबसे लंबे समय तक सेवारत संपादक रहे हैं। उन्हें 2015 में सीपीआई (एम) के महासचिव चुना गया था। कॉमरेड सीताराम 2005 में सांसद चुने गए और 2017 तक कार्यरत रहे।

1975 के आपातकाल के खिलाफ कॉमरेड सीताराम येचुरी द्वारा छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया गया, जिस आंदोलन के फलस्वरुप प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी को जेएनयू के चांसलर के पद से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा, यह देश में छात्र आंदोलन की विशिष्ट घटनाओं में से एक है। लोकतंत्र और राष्ट के धर्मनिरपेक्ष आदर्शों के लिए संघर्ष में सीताराम हमेशा आगे रहे। वह देश में मेहनतकश जनता के नेता बने और उन्होंने उनके बेहतर जीवन के लिए संघर्ष किया। संसद के अंदर एक सांसद के रूप में और बाहर गरीबों के नेता के रूप में, उन्होंने भारत में श्रमिक वर्ग के लिए महत्वपूर्ण हस्तक्षेप किए। उन्होंने भारत के संविधान की रक्षा की लड़ाई में देश की धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट करने में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारत में फासीवादी और कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ अथक संघर्ष का नेतृत्व किया।

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया कॉमरेड सीताराम येचुरी के जीवन और छात्र आंदोलन तथा देश की मेहनतकश जनता के लिए संघर्ष में उनके योगदान का सम्मान करता है। उनका योगदान हमेशा एस.एफ.आई. और भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी आदर्शों के लिए लड़ने वाले अन्य सभी लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। एस.एफ.आई. केंद्रीय कार्यकारी समिति कॉमरेड सीताराम येचुरी के निधन पर शोक व्यक्त करती है।

**जारीकर्ता**
**वी पी सानू (अध्यक्ष, एस.एफ.आई.)**
**मयूक बिस्वास (महासचिव, एस.एफ.आई.)**

# कलेक्टर श्री सिंह ने की अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग की समीक्षा



**भोपाल।** कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने जनजाति विभाग, भोपाल के सहायक आयुक्त श्री सुधीर श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग, भोपाल के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूल, छात्रावास में शासन की योजनाओं के अंतर्गत दी जाने वाली कोचिंग एवं शिक्षा की गुणवत्ता उच्च स्तर की हो, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें इसमें कोई कोताही नहीं बरती जाए। विभाग के द्वारा संचालित छात्रावास में बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो एवं उनकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन का भी समय सीमा में निराकरण करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि ऐसे छात्रावास जिसमें छात्राएं अध्ययतनरत हैं उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि एसडीएम के नेतृत्व में हॉस्टल एवं स्कूलों का निरीक्षण किया जाए। छात्राओं के हॉस्टर्ल्स में महिला अधिकारी ही निरीक्षण के लिए प्रवेश करेंगी। पुरूष अधिकारी किसी भी गर्ल्स हॉस्टल में प्रवेश नहीं करेंगे। विभाग के अंतर्गत जारी निर्माण कार्य का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। विभाग के द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराएं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार और मध्यप्रदेश सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्र - छात्राओं को अनेक सुविधा उपलब्ध करा रही है जिससे सभी को समान अवसर उपलब्ध हो और रोजगार के सथ समाज में अपने लिए विशेष स्थान बना सकें। सहायक आयुक्त श्री सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि भोपाल जिले में विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति के लिए संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं अनुसूचित जाति के लिए ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय एवं कुल 56 छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें से 48 अनुसूचित जाति एवं 8 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किए गए हैं, जिसमें कुल 2520 सीट स्वीकृत हैं जिसमें लगभग 2200 प्रवेश दिए गए हैं जबकि जनजाति वर्ग के लिए संचालित 8 हॉस्टल में 500 सीटें स्वीकृत है जो कि शत-प्रतिशत प्रवेशित है। भोपाल जिले में अनुसूचित जाति के लिए बड़वई में 180 सीट छात्रावास का निर्माण जारी है, इसके साथ कटारा हिल्स में 100 सीटर बाबू जग जीवन राम बालिका छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है, इसके साथ ही 50-50 सीटर सीनियर बालक छात्रावास एवं महाविद्यालयीन बालक छात्रावास निर्माणाधीन है।

## जिला पंचायत में हुई स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति की बैठक

**भोपाल।** स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष भोपाल में किया गया। श्रीमती चंद्रेश राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति सदस्य, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल जीवन मिशन,आयुष विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास स्थाई समिति के पदेन सचिव एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में भोपाल के फंदा एवं बैरसिया विकासखंड में संचालित स्वास्थ संस्थाओं एवं स्वास्थ्य सूचकांकों के संबंध में अवगत करवाया गया।

इस दौरान 28 फरवरी तक संचालित दस्तक अभियान की जानकारी देते हुए समिति सदस्यों से स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग का आग्रह किया गया। सदस्यों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दी जा रही सेवाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष जन्मजात हृदय रोग के 65 बच्चों की निःशुल्क सर्जरी की गई है। जन्मजात मोतियाबिंद के 15, क्लेफ्ट लिप एवं क्लेफ्ट पेलेट के 7, क्लबफुट के 23 बच्चों की सर्जरी निःशुल्क की जा चुकी है। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा भी दी जा रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य संस्थाओं में ट्रिपल टेस्टिंग की जा रही है । प्रदेश में पहली बार भोपाल जिले द्वारा यह सुविधाएं देने की शुरुआत की गई है।

# एलएनसीटी विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को किया सम्मानित

भोपाल। कैप्टन रूपसिंह के 117वें जन्मदिन के अवसर पर एलएनसीटी स्पोर्ट्स अचीवर्स अवार्ड 2024 का आयोजन एलएनसीटी विश्वविद्यालय जेके हॉस्पिटल कोलार रोड भोपाल ऑडिटोरियम में दिनांक 9 सितंबर 2024 को किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अशोक ध्यानचंद ओलम्पियन अर्जुन अवॉर्डी, पूनम चौकसे कुलाधिपति एलएनसीटी विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर मौजूद रही। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से कैप्टन रूपसिंह के परिवार से प्रदीप सिंह एवं कौशल कुमारी ग्वालियर से और डा संजय भारद्वाज मौजूद रहे।



**इन खिलाडियों का हुआ सम्मान**

रूबिना फ्रांसिस पैराशूटर पैरा ओलंपिक पेरिस गेम कांस्य पदक, कपिल परमार पैरा जूडो पैरा ओलंपिक कांस्य पदक, दीपा राजपूत कयाकिंग कैनोइंग, खुशप्रीत कौर, रोइंग, समरदीप, एथलेटिक्स, जिज्ञासा राजपूत, एलिट, अभय परिहार हॉकी, रेणु यादव, आशी चौकसे, राजवीर सिंह कराते, कनिष्का शर्मा ताइक्वांडो, शशांक बाथम सेलिंग, चंपा मोर्य, स्लॉलम (वाटर स्पोर्ट्स)। प्रशिक्षक सुरेश चैनानी, क्रिकेट, सुशील सिंह ठाकुर क्रिकेट, रिजवान अली हॉकी, दलबीर सिंह रोइंग, हबीब हसन हॉकी, कैप्टन मनोज झा, ट्रायथलॉन, शशि रघुवंशी समन्वयक ग्रामीण युवा केन्द्र बरेली, अर्जुन सुरेश बास्केटबॉल प्रशिक्षक, विजय शाह कराते प्रशिक्षक, जोंसी कोसी हैं खेल प्रमोटर अवार्ड हकीम सैफी ट्रॉफी मास्टर को दिया गया। इस अवसर पर समस्त मेडलिस्ट खिलाड़ी तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश के 10 प्रशिक्षक एवं 15 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है इसके अतिरिक्त एलएनसीटी विश्वविद्यालय की मेडलिस्ट प्रतिभाओं को जिन्होंने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में मेडल जीते हैं नगद राशि एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया , तथा विश्वविद्यालय स्टार की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

## जल्द शुरू होगा छोला फ्लाईओवर का निर्माण

**फ्लाईओवर निर्माण कार्य से रोज़ाना लाखों यात्रियों को होगा लाभ**

• भोपाल

भोपाल | सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को नरेला विधानसभा में भोपाल के प्राचीनतम श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के विस्तृत स्वरूप श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर अंतर्गत छोला फ्लाईओवर के निर्माण के सम्बंध में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली। मंत्री श्री सारंग ने कहा है कि फ्लाईओवर निर्माण को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र ही काम प्रारंभ किया जाये। यह फ्लाईओवर गणेश मंदिर छोला रोड से खेड़ापति हनुमान मंदिर के बाद और निशातपुरा स्टेशन के पहले तक बनेगा।

**रोज़ाना लाखों लोगों को मिलेगा लाभ** – मंत्री श्री सारंग ने बताया कि यह पहला फ्लाईओवर होगा जो दो रेलवे लाइन को क्रॉस करते हुए जायेगा। अभी विदिशा, भानपुर चौराहा और खेड़ापति हनुमान मंदिर जाने वालों को दो-दो अंडरब्रिज से जाना पड़ता है। बड़े वाहन इन अंडरब्रिज से निकल नहीं पाते हैं इसलिए उन्हें घूमकर जाना पड़ता है। फ्लाईओवर के बन जाने के बाद भोपाल स्टेशन से छोला व आसपास के क्षेत्र में आने जाने वाले लाखों यात्रियों को लाभ होगा।

## 3 हजार टन से अधिक गेहूं का भंडारण नहीं कर सकेंगे थोक व्यापारी, फुटकर के लिए भी सीमा तय

**सरकार ने गेहूं के भंडारण की अधिकतम सीमा निर्धारित की है। थोक व्यापारी 3,000 टन और फुटकर व्यापारी 10 टन से अधिक गेहूं नहीं रख सकेंगे। यह नियम 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा। उल्लंघन पर भंडार जब्त किया जाएगा।**

• भोपाल



भोपाल | गेहूं की उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने भंडारण की अधिकतम सीमा निर्धारित कर दी है। अब थोक व्यापारी तीन हजार टन से अधिक गेहूं का भंडारण नहीं कर सकेंगे। फुटकर व्यापारियों के लिए यह सीमा दस टन निर्धारित की गई है। यह व्यवस्था 31 मार्च 2025 तक के लिए बनाई गई है।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने भंडारण की अधिकतम सीमा निर्धारण की अधिसूचना जारी की है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम और भारत सरकार की अधिसूचना द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मध्य प्रदेश गेहूं (अधिकतम स्टाक सीमा एवं स्टाक घोषणा) नियंत्रण आदेश 2024 जारी किया है।

**31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा नियम**

इसमें थोक और फुटकर व्यापारी के साथ प्रोसेसर के लिए अधिकतम भंडारण की सीमा निर्धारित कर दी है। प्रोसेसर मासिक क्षमता के 70 प्रतिशत मात्रा को वर्ष 2024-25 के शेष माह से हिसाब से रख सकता है।

सभी को भंडारण सीमा की घोषणा करनी पड़ेगी। जब भी जांच के लिए दस्तावेज मांगे जाएं या भौतिक सत्यापन किया जाए तो इसकी अनुमति सक्षम प्राधिकारी को रहेगी। इसका उल्लंघन करने पर भंडार को जब्त कर लिया जाएगा।

## एमपी के बीएड होल्डर प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होगी निरस्त, हाईकोर्ट ने दी राहत

**प्रदेश के 300 बीएडधारी प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति अब निरस्त नहीं होगी। उच्च न्यायालय ने राहत देते हुए डीपीआइ के पुराने आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट के बीएड को अमान्य घोषित करने के आदेश के बाद यह मुद्दा उठा था। 18,000 शिक्षकों की भर्ती हुई थी।**

• भोपाल



भोपाल | प्रदेश के बीएडधारी प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति अब निरस्त नहीं होगी। प्रदेश के ऐसे करीब 300 प्राथमिक शिक्षक इसके दायरे में आ रहे थे। इससे परेशान प्राथमिक शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई के बाद फिलहाल उच्च न्यायालय ने उन्हें राहत दी है। इसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) की आयुक्त ने भी छह सितंबर को नया आदेश जारी कर प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त करने संबंधी पुराने आदेश पर रोक लगा दी है।

दरअसल, डीपीआइ संचालक की ओर से 28 अगस्त को एक आदेश प्रदेश के जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किया गया था। आदेश में प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश का उल्लेख था, जिसके अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2023 को आदेश जारी कर प्राथमिक शिक्षक के लिए बीएड की डिग्री को अमान्य किया था।

**18 हजार प्राथमिक शिक्षक के पद पर हुई थी भर्ती**

इस आदेश में कहा गया था कि प्राथमिक शिक्षक की व्यावसायिक योग्यता बीएड के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने 11 अगस्त 2023 को पारित आदेश में राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना 28 जून 2018 को निरस्त किया गया है। इस निर्णय के आधार पर बीएड योग्यताधारी अभ्यर्थी प्राथमिक शिक्षक के लिए पात्र नहीं माना गया था। प्रदेश में ऐसे प्राथमिक शिक्षकों की संख्या लगभग 300 बताई गई थी। बता दें कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती-2020 के तहत करीब 18 हजार प्राथमिक शिक्षक के पद पर भर्ती हुई थी।

## प्रदेश में अगले 3 दिनों तक मानसून सुपर एक्टिव, रीवा-सागर समेत 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**पूर्वी मध्यप्रदेश में अगले 24 घंटों में कई जगहों पर भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने छह जिलों में चेतावनी जारी की है और अगले तीन दिनों तक वर्षा का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है।**



भोपाल | बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब गहरे अवदाब में बदल गया है। यह ओडिशा से उत्तरी छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ रहा है। इसके आगे बढ़ने के साथ पूर्वी मध्यप्रदेश में वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया है। अगले 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में कई जगहों पर वर्षा होने के आसार हैं। इस दौरान कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है।

कई जिलों में तेज बारिश - मौसम विभाग ने मंगलवार को छह जिलों- दमोह, सागर, बालाघाट, मंडला, सिवनी और अलीराजपुर में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। वहीं, सोमवार को दिन में रतलाम में 34, उज्जैन में 22, गुना में 12, जबलपुर में नौ और मलाजखंड व बालाघाट में छह मिमी वर्षा दर्ज की गई। अब इसका असर पूर्वी मप्र में भी दिखने लगा है।

तीन से चार दिनों तक बारिश - मंगलवार को पूर्वी मप्र न केवल भारी वर्षा की आशंका है, बल्कि प्रदेश के शेष हिस्सों में भी वर्षा शुरू हो जाएगी। वर्षा का यह क्रम अगले तीन दिनों तक चलने के आसार हैं। इस दौरान ग्वालियर, चंबल, शहडोल, रीवा, सागर और जबलपुर में वर्षा का सिलसिला शुरू होगा। कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है। प्रदेश के शेष इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

बारिश की संभावना - मौसम विभाग ने भोपाल, श्योपुर, भिंड, विदिशा, रायसेन, नरसिंहपुर, शिवपुरी, सीधी, पन्ना, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, इंदौर, अशोकनगर, राजगढ़, ग्वालियर, मुरैना, जबलपुर, कटनी, नर्मदापुरम, रीवा, छिंदवाड़ा, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, सतना, डिंडौरी, बुरहानपुर और बैतूल में भी गरज-चमक के साथ मद्धम से तेज वर्षा होने की आशंका व्यक्त की है।

# बैन के बावजूद बाजार में चीन के खतरनाक लहसुन की एंट्री

**बिजनेस डेस्क।** चीन का लहसुन जो 2014 से ही भारत में प्रतिबंधित है, अब तस्करी के जरिए मार्केट में आ चुका है। उस पर प्रतिबंध इसलिए लगाया गया कि वह सेहत के लिए खतरनाक है। वजह ये कि उसमें कीटनाशकों का उच्च स्तर होता है। उसके फंगसयुक्त होने का भी डर था, इसलिए बैन लगा लेकिन देसी लहसुन से काफी सस्ता होने की वजह से अवैध तरीके बाजार में उतारा जा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद चीन के लहसुन की भारत में बिक्री का खुलासा तब हुआ जब गुजरात के राजकोट में चीन लहसुन के 30 बैग मिले।



ये लहसुन गोंडल के एग्रीकल्चर मार्केट प्रोड्यूस कमिटी (ए.पी.एम.सी.) में मिले जिसके बाद वहां हंगामा मच गया। व्यापारियों ने प्रतिबंधित चीनी लहसुन मिलने के विरोध में गोंडल ए.पी.एम.सी. में ऑक्शन रोक दिया। मार्कीट में चीनी लहसुन की गैरकानूनी तरीके से सप्लाई के खिलाफ 1 दिन का प्रोटेस्ट भी किया। इस लहसुन की तस्करी इसलिए होती है कि ये देसी लहसुन से काफी सस्ता है और इसे अच्छे मार्जिन पर बेचकर अच्छा-खासा मुनाफा कमाया जा सकता है। लेकिन ये लोगों की सेहत के साथ बड़ा खिलवाड़ है। व्यापारियों के विरोध-प्रदर्शन के बाद गुजरात सरकार ने पूरे राज्य के बाजारों की जांच करने के आदेश दिए हैं कि वहां कहीं अवैध तरीके से चीनी लहसुन की सप्लाई तो नहीं की गई है।

## नेपाल के रास्ते हो रही एंट्री

इस लहसुन की एंट्री नेपाल बार्डर के रास्ते हो रही है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा लहसुन उत्पादक है। दिल्ली के बाजारों में बिक रहे चीनी लहसुन के बारे में सूत्रों का कहना है कि जब से देशी लहसुन महंगा हुआ है तब से चीनी लहसुन का कारोबार बढ़ गया है। सूत्र बताते हैं कि थोक मंडी में चीनी लहसुन के आने के बजाय यह छोटी मंडियों तक पहुंच रहा है और वहां से लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। वहीं दूसरी ओर आजादपुर थोक मंडी के कारोबारियों के संगठन वैजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन के महासचिव अनिल मल्होत्रा कहते हैं कि नियमों के साथ थोक मंडी में आने वाले अफगानिस्तानी लहसुन विक्रेताओं को अधिकारी परेशान ही नहीं कर रहे हैं बल्कि पकड़ लेते हैं और उन्हें जेल की हवा खानी पड़ती है, जबकि अफगानिस्तान से आने वाला लहसुन दोनों सरकारों के साथ हुए एग्रीमेंट के तहत भारत आ रहा है।

# सोने-चांदी की कीमतों में आई तेजी



**बिजनेस डेस्क।** गुरुवार (12 सितंबर) को सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिली। आज सोने के वायदा भाव 72679 रुपए, जबकि चांदी के वायदा भाव 86100 रुपए पर कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जबकि सोना गिरावट के साथ खुला।

## बुधवार को 500 रुपए महंगा हुआ सोना

राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव बुधवार को 500 रुपए बढ़कर 74,600 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की लिवाली बढ़ने तथा वैश्विक बाजारों के मजबूत संकेतों से सोने की कीमतों को बल मिला। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ ही पिछले दो दिन में सोने की कीमतों में 1,000 रुपए से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी बुधवार को 500 रुपए बढ़कर 85,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी 84,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 500 रुपए की तेजी के साथ 73,750 रुपए प्रति 10 ग्राम से 74,250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

### स्पैम कॉल पर सरकार की लगाम

# लाखों मोबाइल नंबर बंद व 50 कंपनियों को किया ब्लैकलिस्ट




**बिजनेस डेस्क:** टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया और दूरसंचार विभाग (DoT) ने मिलकर एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों मोबाइल नंबरों को बंद कर दिया है। इसके साथ ही 50 कंपनियों को भी ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। सरकार ने फर्जी कॉल और मैसेज पर लगाम लगाने के लिए पिछले कुछ महीनों में 1 करोड़ से अधिक सिम कार्ड बंद किए हैं और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसके अलावा, 1 अक्टूबर 2024 से एक नई पॉलिसी लागू होने जा रही है, जिसके तहत यूजर्स को फर्जी लिंक वाले मैसेज और स्पैम कॉल से राहत मिलेगी।

## 3.5 लाख नंबर बंद

केंद्रीय टेलीकॉम मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर इस कार्रवाई की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि ष्ठश्ज्ञ और TRAI ने मिलकर स्पैम कॉल करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 3.5 लाख से ज्यादा नंबर बंद किए गए हैं और 50 कंपनियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। दूरसंचार विभाग की प्रेस रिलीज के अनुसार, TRAI और DoT मिलकर स्पैम-फ्री टेलीकॉम सेवाओं के लिए काम कर रहे हैं। TRAI ने टेलीकॉम ऑपरेटर्स को बल्क कनेक्शन, रोबोटिक कॉल्स और प्री-रिकॉर्डेड कॉल्स को ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। पिछले 15 दिनों में 3.5 लाख नंबरों को बंद किया गया है। इसके अलावा, 50 कंपनियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। 3.5 लाख से अधिक बिना सत्यापित स्स्र हेडर और 12 लाख कंटेंट टेम्पलेट भी ब्लॉक किए गए हैं।

### बाजार में जोरदार उछाल,

# इन शेयरों में आई तूफानी तेजी, निवेशकों की भरी झोली

**बिजनेस डेस्क:** गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली, जहां सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने अपने पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए हाई लेवल पर पहुंच गए। BSE का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1500 अंक की उछाल के साथ 83,000 के पार चला गया, जबकि NSE का निफ्टी 500 अंक बढ़कर 25,429 के नए ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। बाजार में आई इस तेजी से निवेशकों को करीब 6 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का फायदा हुआ। इस उछाल में HDFC बैंक, हिंडाल्को और भारती एयरटेल जैसे प्रमुख शेयरों ने बाजार को मजबूती प्रदान की। निफ्टी 50 के सभी 50 शेयरों में तेजी देखने को मिली, जिससे बाजार को व्यापक समर्थन मिला।

## बाजार के हीरो शेयर

इस तेजी में कुछ शेयरों ने विशेष प्रदर्शन किया। भारती एयरटेल का शेयर 4.38त्न की वृद्धि के साथ 1,647 रुपए पर पहुंच गया। हिंडाल्को का शेयर 4.37त्न चढ़कर 676 रुपए पर कारोबार कर रहा था। इसके अलावा NMDC का शेयर 4.35त्न, LIC हाउसिंग 4.03त्न और मैक्स हेल्थ का शेयर 4त्न से ज्यादा की तेजी के साथ 913 रुपए पर पहुंच गए थे।

## बाजार को सपोर्ट करने वाले अन्य प्रमुख शेयर

लार्जकैप शेयरों ने भी इस तेजी में अहम भूमिका निभाई। HDFC बैंक, NTPC, M&M, अडानी पोर्ट्स, L&T, टाटा स्टील, कोटक बैंक, SBI और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी 2-4% तक की बढ़त देखने को मिली। इन सभी शेयरों ने बाजार में सकारात्मक माहौल बनाने में योगदान दिया और इस तेजी को और मजबूत किया।

## निवेशकों ने कमाए 6 लाख करोड़ रुपए



शेयर बाजार में आखिरी घंटे के कारोबार के दौरान आई इस तूफानी तेजी के चलते निवेशकों की भी मौज हो गई और उनकी दौलत में करीब 6 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ। दरअसल,बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 466.66 लाख करोड़ रुपए पर क्लोज हुआ है जो पिछले सत्र में 460.76 लाख करोड़ रुपए रहा था यानि आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 5.90 लाख करोड़ रुपए का उछाल देखने को मिला है।

## बाजार में अचानक तेजी के पीछे क्या कारण?

शेयर बाजार में अचानक आई इस तेजी के पीछे के कारणों के बारे में, तो ग्लोबल फैक्टर इसमें शामिल हैं। दरअसल, अमेरिका में महंगाई दर (US Inflation) के आंकड़े जारी होने के बाद बाजार में विदेशी निवेश की उम्मीदों में उछाल आया है। ऐसा माना जा रहा है कि फेडरल रिजर्व पॉलिसी रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर सकता है। इन ग्लोबल संकेतों के चलते सुबह बाजार खुलने के साथ ही पॉजिटिव असर देखने को मिला था, जो मार्केट क्लोज होते-होते जोरदार तेजी में बदल गया।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)